राजस्थान लोक सेवा आयोग, अजमेर

–: प्रेस नोट :–

दिनांक :– 27-12-2023

आयोग द्वारा कॉलेज शिक्षा विभाग के लिए सहायक आचार्य के विभिन्न 48 विषयों के पदों पर भर्ती हेतु जारी किये गये विज्ञापन संख्या 01/परीक्षा/सहायक आचार्य/कॉलेज शिक्षा/EP-I/2023–24 दिनांक 22.06.2023 में अंकित पद क्रम संख्या 40 से 48 तक पर कृषि संकाय के 09 विषयों के कुल 16 पद विज्ञापित करते हुए One Time Registration (OTR) के माध्यम से ऑनलाईन आवेदन पत्र आमंत्रित किये गये एवं अभ्यर्थियों से अन्य कोई आवेदन शुल्क प्राप्त नहीं किया गया था।

आयुक्तालय कॉलेज शिक्षा, राजस्थान जयपुर के पत्र दिनांक 26.12.2023 एवं 27.12.2023 के अनुसार कृषि संकाय के पदों को सोसायटी मद में स्वीकृत किये जाने के कारण सहायक आचार्य (कृषि संकाय) के पदों की भर्ती अब राजस्थान लोक सेवा आयोग के स्थान पर सोसायटी नियमों के तहत् करवाई जायेगी। अतः निदेशालय के उक्त पत्रों के क्रम में आयोग द्वारा जारी सहायक आचार्य के पदों हेतु जारी विज्ञापन के पद क्रम संख्या 40 से 48 तक पर अंकित कृषि संकाय के 09 विषयों के कुल 16 पदों को प्रत्याहारित किया जाता है। इस **संबंध में आयोग की वेब–साईट पर शुद्धि पत्र संख्या 07/2023–24 जारी कर दिया गया है, जिसका अवलोकन** अभ्यर्थी आयोग की वेब–साईट https://rpsc.rajasthan.gov.in पर कर सकते हैं। उक्त विज्ञापन के शेष विषयों के पदों की भर्ती का कार्यक्रम/नियम/शर्ते यथावत् रहेंगी।

(रामनिवास मेहता)
सचिव